### एक नजर में

## मंदसौर में एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर को लेकर उप मुख्यमंत्री देवड़ा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक



**मंदसौर।** कमान अधिकारी कर्नल ज्योति प्रकाश (भारतीय सेना) 5 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी मंदसौर द्वारा बताया गया कि मेजर जनरल जे.पी. सिंह, एडीजी, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी, ब्रिगेडियर संजीव कुमार तथा कर्नल ज्योति प्रकाश 5 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन, मंदसौर ने इस परियोजना के संबंध में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात की। बैठक के दौरान मंदसौर में एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना पर विस्तृत चर्चा हुई। इस पहल को लेकर मंत्री श्री देवड़ा ने सिद्धांतत: सहमति प्रदान की। साथ ही, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ एनसीसी डायरेक्टरेट द्वारा परियोजना के लिए शीघ्र ही विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (ष्ठक्क) तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। यह पहल इंदौर और उज्जैन संभाग के क्षेत्रों के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगा, इससे उन्हें उच्च स्तरीय एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जो न केवल उनके कौशल विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में बेहतर रोजगार और करियर के अवसर भी प्रदान करेगा।

## जनगणना कार्य में लगाए गए कर्मचारियों को नगर पालिका द्वारा कराई जा रही है ट्रेनिंग तीन दिवसीय प्रशिक्षण शाला प्रारंभ



**मंदसौर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना कार्य अप्रैल 2026 को फरवरी 2027 में किया जाना है। जनगणना कार्य के लिए मध्य प्रदेश शासन ने कर्मचारियों को दायित्व सौंप दिया है। नगर पालिका के द्वारा कल इन्हीं कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर में किया गया। कलेक्टर श्रीमती आदिति गर्ग के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य मंदसौर नगर के जनणना चार्ज अधिकारी सीएमओ प्रेम कुमार सुमन के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर राजेश राणावत व जितेंद्र चौरसिया ने जनगणना कार्य के लिए मंदसौर नगर के 40 वार्डों में लगाए गए कर्मचारियों को जनगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया यह प्रशिक्षण कार्यशाला दिनांक 15,16 व 17 अप्रैल को हो रही है। जनगणना कार्य के लिए 19,21 व 22 अप्रैल व 23,24,25 अप्रैल को भी ट्रेनिंग के लिए प्रतिदिन कार्यशाला होगी, नगर पालिका के द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यशाला की पूरी व्यवस्था की गई है। मंदसौर नगर के लिए जनगणना कार्य में लगाए गए नगर पालिका कर्मचारी अजय मारोठिया राजेंद्र नीमा मंगेश राव नवले शाहिद अब्बासी अक्षय जैन एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# मंदसौर में संतों के सानिध्य में धूमधाम से मनाई संत सेन जयंती

**मंदसौर। जिले में संत सेन जयंती का पावन पर्व हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। सेन युवा संगठन के तत्वावधान में गुजराती सेन समाज जिला एवं नगर मंदसौर द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ प्रबुद्ध संतों का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने संत सेन महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए समाज को नई दिशा दी।**



कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए श्री तीन छत्री बालाजी के महंत श्री रामकिशोरदासजी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत सेन महाराज रामानंद संप्रदाय के एक महान और तेजस्वी संत थे। उन्होंने बताया कि उनकी निष्काम भक्ति, अद्वितीय सेवा भावना और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण का सजीव वर्णन 'भक्तमाल' जैसे पवित्र ग्रंथ में विस्तार से मिलता है। महंतजी ने इस बात पर जोर दिया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संत सेन महाराज के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने आचरण एवं व्यवहार में पवित्रता और सात्विकता का समावेश करना चाहिए।

इसी क्रम में श्री चैतन्य आश्रम मेनपुरिया के संत श्री मणि महेशजी महाराज ने सेन समाज की सेवा परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज अत्यंत सेवाभावी है। मनुष्य के जीवन चक्र में जन्म, मरण और परण (विवाह) तीनों ही महत्वपूर्ण अवसरों पर इस समाज की अनिवार्य आवश्यकता होती है। उन्होंने स्मरण कराया कि संत सेन महाराज स्वयं मठों और आश्रमों में जाकर संतों की सेवा किया करते थे और इसी निस्वार्थ सेवा व सत्संग के प्रताप से उनकी ईश्वर के प्रति आस्था दृढ़ होती चली गई।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और संत सेन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में महाराज के गुणों को आत्मसात करने की बात कही और समाज की एकता व सेवा कार्यों की प्रशंसा की। आध्यात्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी ऋषियानंद सत्संग मंडल के प्रमुख श्री महेश गेहलोद द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। उन्होंने संत सेन महाराज के जीवन दर्शन पर आधारित भजनों की ऐसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी कि उपस्थित जनसमूह भक्ति रस में सराबोर हो गया। योग गुरू बंशीलाल टांक ने भी सेनजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला।

समारोह में समाज के गणमान्य नागरिक और पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. राजेश बोराना, वरिष्ठ अभिभाषक राजेश सोलंकी, प्रहलाद परिहार, अनिल वक्षा, गुजराती सेन समाज के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष बलराम राठौड़, युवा अध्यक्ष किशोर सेन, अंतिम देवड़ा, अर्जुनसेन राठौड़, छोटू, नगर युवा अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट, युवा पूर्व अध्यक्ष संजय चौहान, अशोक परमार, जगदीश परमार, दिनेश सोलंकी, हरीश परमार, अनिल परिहार और मनीष राठौड़ मोनू सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने सुंदरकांड के पश्चात आयोजित स्नेहभोज का आनंद लिया और संत सेन महाराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



## सकल वाल्मीकि समाज ने धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती, निकला भव्य चल समारोह

**मंदसौर। सकल वाल्मीकि समाज द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांधी चौराहा स्थित श्याम बाबा मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न चौराहों पर पहुंचा, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।**


समारोह के पश्चात आयोजित मंचीय कार्यक्रम में विधायक विपिन जैन एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने बाबा साहेब के विचारों को अपनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में एकता बनाए रखने का संदेश दिया।

इस दौरान समाज द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर सेवा भावना की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** — चार माह से मानदेय नहीं मिला

## आक्रोशित सहायक सचिवों ने रैली निकाल कर ज्ञापन दिया

**मंदसौर/नाहरगढ।** मध्यप्रदेश पंचायत सहायक सचिव संगठन द्वारा मानदेय एवं शासन के आदेशों का जिले में क्रियान्वयन नहीं होने से आक्रोशित होकर बुधवार को जिला पंचायत मंदसौर में नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौपा।



मध्यप्रदेश पंचायत सहायक सचिव संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह परमार ने बताया की मध्यप्रदेश पंचायत सहायक सचिव / ग्राम रोजगार सहायक संगठन की बैठक जनपद पंचायत सभागृह मंदसौर में आयोजित की गई। जिसमें शासन के आदेशों को लागु नहीं करने एवं मानदेय नहीं मिलने को लेकर जिले के सहायक सचिवों द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। जिले के सभी सहायक सचिव रैली के रूप में जिला पंचायत मंदसौर पहुंचे। जहां अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई की शासन की सभी योजनाओं को क्रियान्वयन पंचायत सहायक सचिव द्वारा करने के बावजूद भी चार माह से अल्प मानदेय 18000 रु नहीं मिला है। साथ ही मानदेय भी एक कर्मचारी को दो विभागों द्वारा दिया जा रहा है। जिससे कभी 9000 मिलते हैं कभी 9000 नहीं मिलते हैं। मध्य प्रदेश शासन द्वारा पंचायत में एक पंचायत एक सचिव की व्यवस्था करने के आदेश जारी किए गए हैं। उसके बाद भी मंदसौर जिले में सहायक सचिवों को सचिव का प्रभार नहीं मिला है। मनरेगा निर्माण कार्यों में जहां सहायक सचिवों पर कार्य पूर्ण करने का दबाव बनाया जाता है। लेकिन सामग्री भुगतान के समय सहायक सचिव को जानकारी नहीं दी जाती है। मनरेगा परिषद से ग्राम रोजगार सहायक को बीएलओ के कार्य से मुक्त रखने के निर्देश दिये गए है लेकिन उसके बाद भी मंदसौर में सहायक सचिव को बीएलओ के प्रभार दिया गया है, जिससे मुक्त किया जाए। साथ ही मल्हारगढ़ जनपद पंचायत के सहायक सचिव नितिन जोशी के ऊपर एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए झार्डा पंचायत से हटा दिया है ओर सचिव पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उपरोक्त मांगो का निराकरण नहीं होने पर सहायक सचिव संगठन द्वारा आंदोलन किया जायेगा। जिसकी समस्त जवाबदारी मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन की रहेगी। यह जानकारी हरिओम गंधर्व ने दी।

# नीमच

### एक नजर में

## भूमिका ने दसवीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**कुकड़ेश्वर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा भूमिका अर्जुन शर्मा ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में पूरे नगर में सर्वाधिक स्थान प्राप्त कर शाला में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्होंने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर शाला का गौरव बढ़ाया उनकी उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ के साथ ही अर्जुन शर्मा के मित्र मंडल प्रकाश जैन ,प्रकाश मालवीय सुरेश तंबोली प्रकाश पोरवाल आदि ने शुभकामना देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कु. भावना को बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंकों से सफलता



**नीमच।** जिले के सरवानिया महाराज निवासी भावना पिता भेरुलाल रेगर ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में 94% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हैद्य बुधवार को घोषित दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में कु.भावना को कुल सभी विषयों में 500 में से 461अंक प्राप्त हुए हैं द्य भावना ने पढ़ाई के साथ परिवार की खेती और घर में अपनी माता संगीता के काम में भी हाथ बटाने के साथ वर्ष भर मेहनत से पढ़ाई कर सफलता पाई है द्य समता स्कूल सरवानिया की छात्र होकर अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की है द्य विद्यालय स्टाफ, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने भावना की इस सफलता पर बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है द्य

## कक्षा 10वीं में योगेश माली का जिला मेरिट में द्वितीय स्थान



**सिंगोली।** जिला मुख्यालय से सुदूर संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताल के होनहार विद्यार्थी *योगेश माली ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है जिसमें विशिष्ट उपलब्धि के रूप में संस्कृत में 100 में से 100 अंक तथा गणित में 99 अंक प्राप्त किए। इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय, ग्राम एवं परिवार का नाम गौरवान्वित हुआ है।विदित हो कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रति वर्ष उत्कृष्ट रहता है इसी क्रम में इस सत्र 2025-26 में बोर्ड परीक्षा वार्षिक परिणाम कक्षा 12 वि (विज्ञान संकाय) 100 प्रतिशत, 12 वीं (कला संकाय) 93 प्रतिशत तथा 10 वी का 77 .7 प्रतिशत रहा है।इस सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षकों, स्टाफ एवं संस्था परिवार की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जो आज रंग लाया है। विद्यालय परिवार द्वारा इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की टीम के प्रति आभार प्रकट और मेरिट प्राप्त योगेश माली के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## शासकीय हाई स्कूल टामोटी का 10th का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



**कुकड़ेश्वर।** समीपस्थ शासकीय हाई स्कूल टामोटी विद्यालय में अध्यनरत 33 विद्यार्थीयो में से 23 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए ।पूजा पिता गोविंद गुर्जर ने 90% , कुलदीप पिता रमेश 89% , पायल पिता हेमराज 81%, कोमल पिता रतनलाल 80% ,कुलदीप पिता रतनलाल ने 80% , अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया! विद्यालय के प्राचार्य ललित कुमार मालवीय एवं स्टाफ सदस्य नानालाल धाकड़, कालूराम खाटकी, प्रेम शंकर मालवीय ,सुनीता गोयल कन्हैयालाल मालवीय, अनीता मालवीय ,मधु मालवीय, रानी धाकड़ एवं दीपक माली द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# ट्रक- बाइक भिड़ंत में दो घायल

**▶ महिला-दामाद घायल, ट्रक खाई में गिरा, चालक गिरफ्तार; नशे में था**

**नीमच।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे मनासा नाका और जैतपुर फंटे के बीच एक बेकाबू ट्रक ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला और उनके दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल महिला मंत्री बाई अपने पति से अस्पताल में मिलकर दामाद राधेश्याम मेघवाल के साथ बाइक से वापस अपने घर तुमड़ा लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

**नशे में था ट्रक ड्राइवर, खाई में गिरी गाड़ी**-बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे एक गहरी खाई में जा गिरा। सिटी थाना

> **पुलिस की कार्रवाई**
>
> थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में पाया गया है। उसका मेडिकल टेस्ट कराया गया है और पुलिस उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर रही है। गनीमत रही कि ट्रक खाई में गिरने के बाद कोई और बड़ी जनहानि नहीं हुई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

## एनएचएम फंड में गड़बड़ी के आरोप: भुगतान अटका, सीएचओ सड़कों पर - कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

**नीमच। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत फंड भुगतान को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) ने भुगतान में अनियमितता और भेदभाव के गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा है।**



सीएचओ का आरोप है कि वर्ष 2025-26 में उप स्वास्थ्य केंद्रों के लिए जारी फंड के भुगतान में पारदर्शिता नहीं बरती गई। नियम के अनुसार जन आरोग्य समिति के लिए 50 हजार और हेल्थ एंड वेलनेस एक्टिविटी के लिए 5 हजार रुपए प्रति केंद्र स्वीकृत किए गए थे, लेकिन कई मामलों में भुगतान अब तक अटका हुआ है।

अधिकारी बताते हैं कि कई वेंडर्स को बिल जमा करने के बावजूद भुगतान नहीं मिला, जबकि कुछ को बिना स्पष्ट प्रक्रिया के राशि जारी कर दी गई। इससे पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सबसे गंभीर बात यह है कि जिला लेखा प्रबंधक स्तर पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। सीएचओ का कहना है कि बार-बार जानकारी मांगने के बावजूद न तो संतोषजनक जवाब मिला और न ही भुगतान की कोई तय समय-सीमा बताई गई।

> मामला यहीं नहीं रुका 100 दिवसीय टीबी अभियान की 7500 रुपए की प्रोत्साहन राशि और हर माह मिलने वाला 500 रुपए रिचार्ज भत्ता भी लंबित बताया गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई सीएचओ को अपनी जेब से खर्च कर काम पूरा करना पड़ा, जिससे आर्थिक दबाव बढ़ गया है। अब सीएचओ ने मांग की है कि सभी लंबित भुगतानों को तुरंत जारी किया जाए, प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। इस पूरे मामले ने जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**एक नजर** — कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने ग्राम सांडा में तालाब व स्टॉप डेम निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

# कार्यों की गुणवत्ता व उपयुक्तता का लिया जायजा

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को रतनगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोराई के ग्राम सांडा में 12.13 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्टॉप डैम (एनीकट) का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही स्टॉप डैम निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन नहीं करने पर जनपद पंचायत सीईओ जावद, संबंधित उपयंत्री प्रशांत गुप्ता एवं संबंधित सहायक यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्टॉप डैम निर्माण में



अब तक हुए कार्य का पुन: मूल्यांकन करवाने के निर्देश भी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को दिए।

कलेक्टर ने ग्राम सांडा में ही वन क्षेत्र से लगी पहाड़ियों के नीचे 38 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन तालाब का भी मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल चयन की सराहना करते हुए कहा कि इस तालाब के निर्माण से बड़ी मात्रा में जल भंडारण हो सकेगा तथा वन्य प्राणियों के लिए भी पानी उपलब्ध हो सकेगा। उपयंत्री ने अवगत कराया कि इस तालाब का निर्माण कार्य डेढ़ माह में पूर्ण हो जाएगा। तालाब की पाल की ऊंचाई 8 मीटर रहेगी और लगभग 10,000 घन मीटर जल संग्रहित होगा। कलेक्टर ने तालाब की पाल की पिचिंग का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने ग्राम सांडा में ही 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले एक अन्य तालाब के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस तालाब के निर्माण के लिए स्थल चयन को उपयुक्त बताया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम प्रीति संघवी, जनपद सीईओ शैलेंद्र आदिवासी, कार्यपालन यंत्री बी.एल.कतीजा, सहायक यंत्री , महादेव प्रसाद कौशल व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।